an>

Title: Need to setup a medical trauma centre in Saint Kabir Nagar district in Uttar Pradesh.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं संत कबीर नगर लोक सभा क्षेत्र से आता हूं। संत कबीर नगर जनपद भी है, जो देश के 250 पिछड़े जनपदों में से एक प्रमुख जनपद है। यह जनपद ग्रामीण पृष्ठभूमि से जुड़ा हुआ है। वहां अस्पतालों में अच्छी सुविधा न होने के कारण वहां आए दिन लोगों की गंभीर रोगों से मृत्यु हो जाती है। इंसेफ्लाइटिस जैसी गंभीर बीमारी से प्रति वर्ष सैंकड़ों लोग मर रहे हैं। चूंकि संत कबीर नगर, जिसका मुख्यालय खलीलाबाद है, वह राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 28 पर स्थित है और आए दिन वहां पर दुर्घटना भी होती है। आसपास के गांवों में गंभीर रोगों से लोग पीड़ित रहते हैं। जनपद मुख्यालय पर जिला चिकित्सालय तो भारत सरकार के सहयोग से बहुत बड़ा स्थापित हो चुका है, लेकिन वहां जो मूलभूत सुविधा जनपद मुख्यालय के कारण होनी चाहिए, वे मूलभूत सुविधायें वहां पर नहीं हैं। अतः मैं आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार से मांग करता हूं कि यदि संत कबीर नगर के जनपद मुख्यालय खलीलाबाद में जैसा कि भवन पहले से स्थित है, एक ट्रामा सेंटर स्थापित कराने की कृपा करेंगे, तो आसपास के जनपद जैसे सिद्धार्थनगर, बस्ती इत्यादि के लोगों को भी मेडिकल सुविधा का लाभ मिलेगा और दुर्घटना में लोगों की जान जाने से बचाव हो सकेगा।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra and

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are is permitted to associate with the issue raised by Shri Sharad Tripathi.